तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 30 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 सावन आज से: शिवालयों में गूंजेगा हर-हर महादेव



## खबर संक्षेप

### पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ पोस्ट करने पर पटवारी निलंबित

**अंबिकापुर।** पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के धर्मेन्द्र प्रधान के खिलाफ सोशल मीडिया में टिप्पणी करना एक पटवारी को महंगा पड़ गया है। शिकायत के बाद बलरामपुर जिले के डौरा-कोचली पटवारी सम्प्रीत एक्का को कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के तहसील डौरा-कोचली के हल्का पटवारी नंबर 13 सम्प्रीत एक्का ने 25 जुलाई को सोशल मीडिया अकाउंट वाट्सएप पर पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रदान द्वारा स्तीफा दिए जाने को लेकर पोस्ट और टिप्पणी की थी। पटवारी द्वारा किए गए इस वाट्सएप मैसेज की शिकायत की गई जिसके बाद एसडीएम बलरामपुर ने मामले में पटवारी को 26 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पटवारी ने 28 जुलाई को एसडीएम के समक्ष अपना जवाब पेश किया लेकिन अधिकारी पटवारी के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। सम्प्रीत एक्का हल्का पटवारी, पहनं-13 तहसील डोरा-काचली जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छग का उक्त कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 5, 6 एवं 9 का उल्लघन है। अतः हल्का पटवारी सम्प्रीत एक्का को एसडीएम ने त्वत्काल प्रभाव से निलंबित किया है तथा निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय-बलरामपुर निर्धारित किया जाता है।

### अनियमितता पर हटाई गई प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास की प्रभारी अधीक्षिका

**बलरामपुर।** प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास कोगवार के संचालन में अनियमितताओं की शिकायतों पर कार्रवाई की गई है। प्राप्त शिकायतों की जांच में छात्रावास में संस्था स्तर पर प्रवेशित 50 सीटों की तुलना में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाई गई। इसके साथ ही गुणवत्ताहीन भोज्य पदार्थ परोसने तथा आवश्यक पंजियों का समय पर अद्यतन नहीं किए जाने की शिकायतें भी सामने आई थीं। इन शिकायतों के संबंध में प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती काजूरीना पण्डो से कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अधिकारी द्वारा श्रीमती काजूरीना पण्डो (मूल पद सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला पटेवा, विकासखंड वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर) को प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास कोगवार के अधीक्षिकीय दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। छात्रावास के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास बलंगी, विकासखंड वाड्रफनगर की अधीक्षिका श्रीमती लक्ष्मी पैकरा को आगामी आदेश तक प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास कोगवार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** सामरी मुख्य मार्ग पर पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम गजाधरपुर निवासी गौरी शंकर मंगलवार को गांव के ही बिरबल के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 6627 से काम के सिलसिले से कुसमी जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार सामरी मुख्य मार्ग क्रेशर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया। इधर परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस पिकअप चालक के विरूद्ध धारा 184, 125(अ), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## तीन आरोपी भेजे गए जेल, लम्बी मशक्कत के बाद टीम ने खरीददार बनकर बिछाया जाल

# वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने बरामद की बाघ की खाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दो दिन की कड़ी मशक्कत के बाद वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं सूरजपुर वन मंडल की संयुक्त टीम ने आरोपियों से बाघ की खाल बरामद करने में सफलता पाई है। मामले में टीम ने तीन आरोपियों को गिरफतार किया है। तीनों आरोपी सूरजपुर जिला के दूरस्थ ब्लॉक ओड़गी के निवासी है।

**खास बात**

- अन्य आरोपियों के भी शामिल होने की संभावना
- कब एवं कहा हुआ शिकार विभाग को नहीं जानकारी

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, भोपाल के अधिकारी बाघ के अवैध शिकार एवं क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों के पास बाघ की खाल मौजूद होने की शिकायत की गुपचुप तरीके से जांच कर रहे थे। लम्बी जांच के बाद दूरस्थ विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम भंवरखोह एवं धरसेड़ी के पास बाघ की खाल मौजूद होने की सूचना मिली तो अधिकारियों ने सूरजपुर वनमंडल अधिकारी दिलेश्वर साहू को स्थिति से अवगत कराया तथा बहादुर वनकर्मियों की गोपनीय जांच टीम गठित करने को कहा। वनमण्डलाधिकारी श्री साहू ने 6-6 वनकर्मियों की टीम गठित की। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए खरीददार बनकर उन्हें घेरने की योजना बनाई तथा दल के अन्य सदस्यों को कुछ दूरी से स्थिति का जायजा लेने एवं हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने एवं इशारों के माध्यम से परिस्थितियों की जानकारी देने के संबंध में जरूरी तैयारियां की। टीम के तीन सदस्य ग्राहक बनकर ग्राम भंवरखोह निवासी भूखन लाल पण्डो आ.रामलाल पण्डो एवं गरीब लाल पण्डो आ.रामदयाल पण्डो से संपर्क कर बाघ की खाल खरीदने की इच्छा जताई। काफी देर तक नानुकुर करने के बाद दोनों दूसरे ग्रामीण से पूछताछ कर खाल की उपलब्धता के संबंध में अवगत कराने एवं आगे की बात करने आश्वासन दिया। दूसरे दिन टीम के सदस्य ग्रामीणों द्वारा निर्धारित स्थल पर मिले तो वहां दोनों आरोपियों के साथ ग्राम धरसेड़ी निवासी टिकेश्वर राजवाड़े आ.रामकिशन राजवाड़े (38वर्ष) भी मौजूद था। पहले तो आरोपियों ने बाघ की खाल के खरीददार बने टीम के सदस्यों से तरह-तरह के सवाल कर उनके खरीददार होने की पुष्टि की तथा बाघ की खाल के संबंध में बात करने के लिए जंगल की ओर चलने को कहा। खरीददार बने टीम के सदस्यों ने जंगल की ओर जाने से इंकार कर दिया तथा कहा कि हमें जंगल नहीं जाना। खाल बेचना है तो सौदा करो अन्यथा हम वापस जा रहे हैं। टीम के सदस्यों द्वारा जंगल की ओर जाने से इंकार करने पर आरोपियों को टीम के सदस्यों के वास्तविक ग्राहक होने पर विश्वास हो गया।



संयुक्त टीम के साथ आरोपी एवं जब्त बाघ की खाल।

### मामा ने दिया था खाल

आरोपियों ने पूछताछ में अधिकारियों को बताया कि मध्यप्रदेश के निवासी भूखन लाल के मामा ने फरवरी 2026 में उसे बाघ की खाल बेचने के लिए दिया था। खाल देने वाले मामा की अब मौत हो गई है। वन अधिकारी आरोपियों के बयान से सहमत नहीं है तथा मामले में अन्य आरोपियों के शामिल होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। टीम के सदस्य अभी भी मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटे हैं। चर्चा है विभाग की टीम ने बुधवार को दो स्थानों पर छापामार कार्रवाई की है। वन अधिकारी मामले में शामिल अन्य आरोपियों के फरार होने के डर से टीम की कार्रवाई को गोपनीय रख रहे हैं।

### पहले भी बरामद हो चुके है कई खाल

विकासखण्ड ओड़गी में इसके पूर्व भी वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं वन विभाग की संयुक्त टीम बाघ एवं तेंदुए के कई खाल बरामद कर चुकी है। इसके पूर्व संयुक्त टीम ने खाल का सौदा कर 17 अक्टूबर 2022 को विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम अवंतिकापुर में 7 आरोपियों से तेंदुए की 2 एवं बाघ की एक खाल बरामद किया था। टीम ने 24 मई 2025 को ओड़गी के चपदा चौक से सौदाकर एक आरोपी से तेंदुए की खाल बरामद किया था। वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत रेवरी जंगल में एक बाघ का शिकार कर उसके चार दांत, पैरों के नाखून, मूंछ एवं पूंछ के बाल को निकाल लिया था। मामले में सरपंच सहित आधा दर्जन आरोपियों को वन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

### 2 लाख में हुआ सौदा

काफी देर तक इधर-उधर की चर्चा करने के बाद टीम के सदस्यों ने आरोपियों से बाघ के खाल का सौदा किया। लम्बी मशक्कत के बाद आरोपियों से बाघ की खाल के लिए 2 लाख का सौदा हुआ। सौदा तय होने के बाद दोनों पक्ष ने ओड़गी-भैयाथान के बीच ग्राम बैजनाथपुर में बाघ की खाल एवं 2 लाख रूपए का लेनदेन करना तय किया। मंगलवार को तीनों आरोपी ग्राम बैजनाथपुर के पास खाल लेकर पहुंचे थे। बाघ की खाल देखने के बाद टीम के सदस्य रूपए गिनने का नाटक कर रहे थे तभी टीम के सदस्यों ने घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी देर शाम आरोपियों एवं जब्त बाघ की खाल लेकर सूरजपुर वनमण्डल कार्यालय पहुंचे जहां देर रात तक आरोपियों से पूछताछ चलती रही। बुधवार को वन अमले ने आरोपियों को जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### वन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

बाघ एवं तेंदुए के शिकार एवं खाल का सौदा करने के सभी मामले गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व से सटे गावों से संबंधित है। क्षेत्रवासी भी बताते हैं क्षेत्र में बड़ी संख्या में शिकारी सक्रिय हैं जो बाघ एवं तेंदुए का शिकार कर खाल एवं अन्य अंगों की तस्करी करते हैं। मध्यप्रदेश के संजय नेशनल पार्क से गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व तक बाघ एवं तेंदुए की आवाजाही होते रहती है। बाघ एवं तेंदुए टाइगर रिजर्व के रास्ते पलामू टाइगर रिजर्व तक जाते हैं। टाइगर रिजर्व के पास ट्रेप कैमरे एवं खोजी कुत्ता सहित अन्य संसाधन उपलब्ध है लेकिन विभाग अवैध शिकार, शिकार स्थल, उनकी निगरानी सहित अन्य आवश्यक तथ्यों की रोकथाम एवं जांच करने में फिसड्डी साबित हो रहा है। मामले में टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है।

### चल रही है जांच

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे बाघ की खाल बरामद किया है। मामले में अन्य आरोपियों के शामिल होने की संभावना है। विभाग की विशेष टीम मामले की जांच कर रही है।

-दुलेश्वर साहू, डीएफओ, सूरजपुर



## हॉस्टल अधीक्षिका के खिलाफ छात्राओं ने खोला मोर्चा, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के लुंड्रा रघुनाथपुर स्थित एक स्कूल में हॉस्टल अधीक्षिका के खिलाफ छात्राओं ने मोर्चा खोल दिया। छात्राओं ने अधीक्षिका पर परेशान करने का आरोप लागाकर कार्रवाई की मांग को लेकर रैली निकाल दी। इस मामले की जाणारी मिलने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्राओं से चर्चा की। इस दौरान छात्राओं ने रोते हुए अपनी व्यथा बताई। इस मामले में डीईओ के निर्देश के बाद हॉस्टल अधीक्षिका को हटा दिया गया है इसके साथ ही अन्य शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

- रास्ते में समझाइश देकर भेजा गया स्कूल, डीईओ ने की कार्रवाई

बता दें कि बुधवार को लुंड्रा विकासखंड में संचालित प्रभात उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राएं पढ़ाई करती है और स्कूल के ही प्रभात कन्या छात्रावास में रहती है। बुधवार को अचानक ही बड़ी संख्या में हॉस्टल की छात्राएं पैदल ही कलेक्टर से मिलने के लिए निकल गई। इस बात की जानकारी मिलने के बाद प्रबन्धन और अधिकारियों ने रास्ते में छात्राओं से बात की और समझाइश के बाद उन्हें वापस बस से स्कूल भेजा। बड़ी बात तो यह है कि इस दौरान स्कूल प्रबन्धन ने छात्राओं को इस तरह रैली निकालकर कलेक्टर के पास जाने को लेकर जमकर फटकार लगाईं। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने स्कूल पहुंचकर छात्राओं से बात की। इस दौरान छात्राओं ने रोते हुए हॉस्टल अधीक्षिका पर जबरन परेशान करने का आरोप लगया। उन्होंने हॉस्टल में खाना अच्छा नहीं मिलने और परिजन के हॉस्टल आने पर उनसे सही व्यवहार नहीं करने का भी आरोप लगाया। इस दौरान डीईओ ने उनकी समस्याओं को सुनने के बाद निराकरण का आश्वासन दिया और हॉस्टल अधीक्षिका को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

### दुरुस्त कराई गई है व्यवस्थाएं

छात्राओं ने अपनी समस्या बताई है। स्कूल व हॉस्टल की बाकी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई गई है इसके साथ ही हॉस्टल अधीक्षिका को हटाया गया है।

-दीपक झा, जिला शिक्षा अधिकारी

## व्यावसायिक व आवासीय भवन की तीसरी मंजिल पर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- लोगों ने समय रहते पाया काबू, दमकल की कमी से नागरिकों में नाराजगी

बलरामपुर जिले के नगर पंचायत राजपुर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित एक व्यवसायिक व आवासीय भवन की तीसरी मंजिल पर बुधवार दोपहर 3 बजे अचानक सार्ट सर्किट होने से टीन शेड में आग लग गई। घटना के समय भवन के भीतर मौजूद लोगों को आग की जानकारी नहीं थी। छत से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तत्काल व्यवसायी को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



सूचना मिलते ही व्यवसायी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा मोटर पंप और बाल्टियों के माध्यम से लगातार पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझ जाने से बड़ी दुर्घटना और भारी आर्थिक नुकसान टल गया। हालांकि आग से टीन शेड और कुछ सामान को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। घटना के बाद नगरवासियों ने नगर पंचायत राजपुर में फायर ब्रिगेड वाहन की सुविधा नहीं होने पर चिंता जताई। लोगों का कहना है कि यदि आग विकराल रूप ले लेती तो स्थानीय संसाधनों से उस पर काबू पाना संभव नहीं होता। ऐसे में जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था।

नगरवासियों ने नगर पंचायत और जिला प्रशासन से राजपुर में स्थायी रूप से फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि नगर का लगातार विस्तार हो रहा है और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसे में अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था होना बेहद आवश्यक है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत और बचाव कार्य किया जा सके।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

**सीतापुर।** ग्राम उलकिया निवासी 23 वर्षीय संजीव पैंकरा आ. फिरन राम अपने दोस्तों से मिलने देर रात 9 बजे अपनी बाइक से ग्राम राधापुर आया हुआ था। दोस्तों से मिलने के बाद वो अपनी बाइक से अपने गृहग्राम उलकिया वापस जा रहा था। घर जाने के दौरान उसकी बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और युवक ने सुरक्षा की दृष्टि से सिर पर हेलमेट भी नही पहना था। जैसे ही वो राधापुर बैरियर से आगे बढ़ा उसकी तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी वाहन से जा भिड़ी। हादसे के दौरान हेलमेट नही पहनने की वजह से युवक के सिर में गंभीर चोट लगी थी और घटनास्थल पर काफी खून भी बह गया था। आनन फानन में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु हॉस्पिटल लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। घरवाले उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां उपचार के दौरान देर रात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृत युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद घरवालों को सौप दिया। सड़क हादसे में अपने इकलौते बेटे की मौत से माता-पिता सदमे में आ गए हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश में जुटी हुई है

## स्कूल में महिला शिक्षक ने बच्चे से कापी में लिखवाई दो सौ बार मां की गाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के एक निजी स्कूल का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। स्कूल में एक शिक्षिका द्वारा छात्र को कापी पर मां की गाली लिखने की सजा दी। बच्चे से उसके ही स्कूल कापी पर 200 बार अशोभनीय गाली लिखवाई गई और अभिभावक से हस्ताक्षर कराकर मंगवाया गया। इस घटना के बाद अभिभावक आक्रोशित हैं और जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले में शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी करने के साथ ही जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए है।

- निजी स्कूल का मामला, दो बच्चों के झगड़े के बाद दी गई सजा, डीईओ ने दिया जांच का निर्देश

शिक्षकीय पेशे को शर्मशार करने वाली यह घटना शहर के सरगवां स्थित एक निजी स्कूल की है। बताया जा रहा है कि स्कूल में कक्षा 8 वीं के दो बच्चे आपस में झगड़ रहे थे। इस दौरान स्कूल में पदस्थ एक शिक्षिका ने एक बच्चे को पकड़ लिया और सजा के तौर पर 100 बार हिंदी और 100 बार अंग्रेजी में मां की गाली कापी में लिखवाई। इतना ही नहीं उस महिला शिक्षक का दुस्साहस देखिए, उसने उस कापी में अपने माता-पिता का हस्ताक्षर करवा कर लाने को कहा। कापी में बच्चे से दो सौ बार अशोभनीय गाली लिखवाने और परिजन के हस्ताक्षर कराकर लाने की जानकारी बच्चे ने अपने माता-पिता को दी। इस घटना के बाद अभिभावकों के बीच स्कूल के खिलाफ खासी नाराजगी देखने को मिली। छात्र के परिजन ने स्कूल प्रबन्धन और उक्त शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग से की है। परिजन का कहना है कि हम अपने बच्चों को स्कूल में पढाने के लिए भेजते हैं, गाली सिखाने के लिए नहीं। स्कूल में बच्चे से 100 बार हिंदी और 100 बार अंग्रेजी में गाली लिखवाई गई इस दौरान बच्चे ने गाली का उच्चारण भी किया होगा। परिजन का कहना है कि यदि बच्चे ने गलती की भी थी तो शिक्षक का काम उसे सही राह दिखाना और समझाना है। इस तरह गाली लिखवाना सही नहीं है। इधर इस मामले में अभाविप ने भी कार्रवाई की मांग की है।

### जारी किया गया है नोटिस

यह मामला काफी गंभीर है। शिकायत के बाद स्कूल के प्राचार्य को नोटिस जारी किया गया है और जवाब मांगा गया है। मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. दिनेश झा, डीईओ

## एनएच के गड्ढों के कारण आए दिन स्कूली बच्चे व यात्री हो रहे परेशान

# निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो ट्रक फंसने से 4 घंटे लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर गुरुवार भोर निर्माणाधीन सड़क पर दो ट्रकों के फंस जाने से करीब चार घंटे तक भीषण जाम की स्थिति बनी रही। सुबह लगभग 5 बजे कोदोडीपा के समीप एक ट्रक पहले से ब्रेकडाउन होने के कारण सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान दूसरी ट्रक उसे साइड देकर निकलने का प्रयास कर रही थी लेकिन निर्माणाधीन सड़क की मिट्टी धंसी गई जिससे फंस गई। इसके बाद मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जाम करीब एक किलोमीटर तक फैल गया था। सड़क के दोनों ओर बसें, निजी वाहन, मालवाहक ट्रक और अन्य छोटे-बड़े वाहन घंटों तक फंसे रहे। जाम में फंसे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्कूली बसें भी जाम में अटक गईं, जिससे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं समय पर विद्यालय नहीं पहुंच सके। सुबह के समय कार्यालय और अन्य जरूरी कार्यों के लिए निकलने वाले लोगों को भी काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य कर रही एजेंसी की लापरवाही के कारण इस मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। निर्माणाधीन सड़क पर जगह-जगह मिट्टी धंसने और वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के अभाव से दुर्घटना और जाम की आशंका लगातार बनी रहती है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। करीब चार घंटे बाद निर्माण एजेंसी की पोकलेन, जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और फंसी हुई ट्रक को हटाकर किनारे किया गया। इसके बाद यात्री बसों को सबसे पहले वन साइड प्रारंभ किया गया। इसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका।



## खबर संक्षेप



### निराश्रित पशुओं को लगाए गए रेडियम बेल्ट

**मनेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा मानव एवं पशु जीवन की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। कलेक्टर के निर्देशानुसार पशुधन विकास विभाग द्वारा नगरीय निकाय के सहयोग से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक एनएच-43 के चिन्हित क्षेत्रों में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत पीडब्ल्यूडी तिराहा से एलआईसी कार्यालय के पास, खेड़िया टॉकीज से सिद्धबाबा मंदिर घाट तथा घुटरीटोला बैरियर तक के मार्ग पर विचरण करने वाले 19 निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाए गए हैं। विभाग द्वारा बताया गया है कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन सतत रूप से जारी रहेगा।

### डीएमएफ के विकास कार्यों की कलेक्टर करेंगी समीक्षा

**मनेंद्रगढ़।** जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से जिले में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में 30 जुलाई 2026, गुरुवार को प्रबंधकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) भवन, अमृतधारा में होगी। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे और डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए कल तक करें आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव के अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती ने जानकारी देते हुए कहा है कि इस वर्ष मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए जिले के सभी ऋणी और अऋणी किसानों को अपनी फसलों का बीमा कराना होगा। इसके लिए किसानों को 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल की बुआई, रोपाई, प्राकृतिक आपदा, स्थानीय आपदा और कटाई के बाद होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता मिलती है।

### इस बार 23 साल बाद बन रहा दुर्लभ संयोग, चार सोमवार रहेंगे विशेष

# सावन आज से: शिवालयों में गूंजेगा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

पवित्र श्रावण मास की शुरूआत गुरुवार 30 जुलाई से हो रही है। भगवान भोलेनाथ को समर्पित इस पावन माह में कोरिया और एमसीबी जिले के शिवालयों में श्रद्धा और आस्था का माहौल रहेगा। पहले ही दिन सुबह से श्रद्धालु विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे।

पूरे माह मंदिरों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष गूंजेंगे। शहर के प्रेमाबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित पुलिस लाइन, एसईसीएल कॉलोनी, चेर, झुमका तथा जिले के



अन्य प्रमुख शिवालयों में विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजा, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



### 23 साल बाद बन रहा दुर्लभ संयोग

इस वर्ष सावन का विशेष धार्मिक महत्व है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार 23 वर्ष बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है, जब सावन माह में सोमवार के दिन नागपंचमी का पर्व आएगा। इसे सोमवती नागपंचमी का शुभ संयोग माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान शिव और नागदेव की पूजा, व्रत तथा दान-पुण्य का फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। इस वर्ष सावन में कुल चार सोमवार पड़ेंगे। पहला सोमवार 3 अगस्त, दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा 24 अगस्त को होगा। वहीं 28 अगस्त को रक्षाबंधन के साथ सावन माह का समापन होगा।

### कांवड़ यात्रा का भी रहेगा उत्साह

श्रावण मास के दौरान शिवभक्त विभिन्न नदियों एवं जलस्रोतों से पवित्र जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कोरिया और एमसीबी जिले में भी प्रतिवर्ष की तरह इस बार कांवड़ यात्राएं निकाली जाएंगी। श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। मान्यता है कि सावन में सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य का वास होता है।



### सावन में बिखर रही हरियाली

**बैकुण्ठपुर।** आज से सावन माह की शुरूआत हो रही है और इसके पूर्व ही प्रकृति ने सावन के स्वागत के लिए धरती का हरियाली से श्रृंगार कर दिया। जिसका मनोरम नजारा देखकर ऑखों को सुकून दे रही है।





पटवारी कार्यालय में भरा पानी।

## ओड़गी पटवारी कार्यालय में घुसा पानी, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ पानी निकालने में जुटे रहे कोटवार, झमाझम बारिश से बढ़ी परेशानी

जिले में लगातार तीन दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है।

सड़कों, गलियों और निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 29 जुलाई को जिला मुख्यालय के ओड़गी स्थित पटवारी कार्यालय में भी बारिश का पानी भर जाने से कार्यालयीन कार्य प्रभावित हुआ। कार्यालय परिसर में पानी भरने के कारण अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक सामग्री को सुरक्षित स्थान पर रखना पड़ा। जानकारी के अनुसार यहां पटवारी नेम कुमारी राजवाड़े की पदस्थापना हैं। कार्यालय परिसर में जमा पानी निकालने के लिए कोटवार काफी देर तक मशक्कत करते रहे। बाल्टी सहित अन्य साधनों की मदद से पानी बाहर निकाला गया, तब जाकर हालात कुछ सामान्य हो सके। लगातार बारिश के कारण जल निकासी व्यवस्था की कमी भी उजागर हुई।

## वीएसके ऐप की तकनीकी खामियों का खामियाजा शिक्षकों को न भुगतना पड़े, उपस्थिति पंजी से हो सत्यापनः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) द्वारा वीएसके ऐप में दर्ज ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर शिक्षकों का वेतन आहरण एवं कम उपस्थिति पर वेतन कटौती संबंधी निर्देशों का विरोध किया है। एसोसिएशन ने मांग की है कि जब तक वीएसके ऐप की तकनीकी खामियों का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक विद्यालयों की शिक्षक उपस्थिति पंजी के भौतिक सत्यापन के आधार पर ही उपस्थिति एवं वेतन संबंधी कार्रवाई की जाए।

प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान में वीएसके ऐप में लोकेशन, नेटवर्क और दूरी संबंधी गंभीर तकनीकी समस्याएं हैं, जिसके कारण समय पर विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों की भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसे में केवल ऐप के रिकॉर्ड के आधार पर वेतन काटना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक नियमित रूप से उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, इसलिए उसका महत्व समाप्त नहीं किया जाना चाहिए। एसोसिएशन का कहना है कि अधिकांश शिक्षकों ने निजी डेटा की सुरक्षा संबंधी आशंकाओं के बावजूद अपने निजी मोबाइल पर वीएसके ऐप स्थापित किया है, लेकिन तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में ऐप की कमियों का दंड शिक्षकों को देना न्यायसंगत नहीं है। संघ ने शासन से मांग की है कि पूरे प्रदेश में एक समान व्यवस्था लागू करते हुए बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। संगठन का कहना है कि अनेक विद्यालय आज भी नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं, जहां वीएसके ऐप प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पा रहा है। ऐसे विद्यालयों में यदि बायोमेट्रिक व्यवस्था संभव है तो पूरे प्रदेश में इसे लागू किया जाए। टीचर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि वीएसके ऐप की तकनीकी त्रुटियों को दूर किए बिना यदि केवल ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर वेतन काटने या रोकने जैसी कार्रवाई की गई तो प्रदेशभर में लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध किया जाएगा। इस मांग का समर्थन प्रदेश सह संगठन सचिव अशोक लाल कुर्रे, जिलाध्यक्ष कोरिया बीरेन्द्र बहादुर तिवारी, संयोजक रविन्द्र सिंह, सचिव आर. जे. साहू, महेश शिवहरे, उपाध्यक्ष आई. डी. राजवाड़े, रमेश नामदेव, सुशील जायसवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, प्रदीप पांडेय, चेतनारायण कश्यप, मुरलीधर पटेल, राजकुमार पाल, ब्लॉक अध्यक्ष बैकुंठपुर रूपेश सिंह, सचिव दिनेश जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सोनहत रमेश गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार कोरी सहित जिले के पदाधिकारियों ने किया। उन्होंने शासन से शिक्षकों के हित में शीघ्र न्यायपूर्ण निर्णय लेने की मांग की।

### सीएम हेल्पलाइन के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**बैकुण्ठपुर।** जिले में सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनदर्शन और अन्य जनशिकायतों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का केवल औपचारिक नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, संतोषजनक और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदक को समाधान की जानकारी भी अनिवार्य रूप से दी जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने राजस्व, कृषि और संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर एग्रीस्टैग को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभावी क्रियान्वयन के लिये गांवों में कोटवार से मुनियादी एवं डोर टू डोर जाकर सूचित करने का निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सुरेन्द्र वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मण्डावी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर उमेश पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत अमित कुमार गुप्ता, सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एमसीबी में महिला थाना स्थापना की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़



■ जिला महामंत्री पूनम के नेतृत्व में एसपी को सौंपे ज्ञापन

जिला कांग्रेस कमेटी की जिला महामंत्री पूनम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की महिला नेत्रियों के प्रतिनिधिमंडल ने आज पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह से मुलाकात कर एमसीबी जिले में पृथक महिला थाना स्थापित किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि वर्ष 2022 में जिले के गठन के बाद से अब तक यहां महिलाओं के लिए पृथक महिला थाना स्थापित नहीं किया गया है। इसके चलते घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, लैंगिक अपराध, छेड़छाड़, साइबर अपराध, पारिवारिक विवाद एवं महिलाओं से जुड़े अन्य मामलों में पीड़ति महिलाओं को सामान्य थानों का सहारा लेना पड़ता है, जहां कई बार संकोच एवं असहज वातावरण के कारण वे अपनी शिकायत खुलकर नहीं रख पातीं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री पूनम सिंह ने कहा कि किसी भी जिले में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था तभी प्रभावी मानी जा सकती है, जब वहां महिलाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशील और समर्पित व्यवस्था उपलब्ध हो। महिला थाना केवल एक भवन नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए विश्वास, सुरक्षा और न्याय का केंद्र होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह स्वयं एक महिला अधिकारी हैं, इसलिए उन्हें महिलाओं की समस्याओं और उनकी भावनाओं की गहरी समझ है। हमें पूरा विश्वास है कि वे इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शासन एवं पुलिस मुख्यालय तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएंगी और जिले में शीघ्र महिला थाना स्थापित कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करेंगी। पूनम सिंह ने कहा कि एमसीबी जिले की हजारों महिलाएं लंबे समय से महिला थाना की मांग कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी तथा जब तक जिले में महिला थाना स्थापित नहीं हो जाता, तब तक जनहित की यह मांग जारी रहेगी।

## 121 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

**सोनहत।** शासकीय कन्या हाई स्कूल सोनहत में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 121 नवप्रवेशित पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथि विधायक रेणुका सिंह ने छात्राओं को साइकिलें प्रदान करते हुए उपहार स्वरूप पेन भी वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्राचार्या प्रियंका राजवाड़े ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यालय की कक्षा 10वीं की सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी से शत-प्रतिशत उत्तीर्ण हुई थीं। उन्होंने छात्राओं से नियमित विद्यालय आने और बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अरविंद सिंह, बीआरसी प्रमुख एरोन




बखला, सीएसी रमेश गुप्ता, एसएमडीसी अध्यक्ष सुचित्रा पाल, सदस्य सुनैना सिंह एवं आरती काशी, सरपंच मानमती, उपसरपंच राजेश गुप्ता सहित शिक्षकगण, छात्राएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**
रा.मा.क्र.- /ब-121/2025-26
ग्राम-ककना प.ह.नं.- उप तह.बरियों

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ककना प.ह.नं.- उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा०गंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक केश्वर गिरी आ./पति दशरथ जाति गिरी निवासी ग्राम ककना तहसील राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज द्वारा स्वंय के पिता दशरथ आ.रामकरन का मृत्यु दिनांक 28.12.2014 को ग्राम ककना घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र पेश।

उपरोक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वंय, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक-10/08/2026 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-23/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बरियों**
जिला-बलरामपुर- रामानुजगंज
(छ.ग.)

### विश्व बाघ सप्ताह पर जनकपुर पार्क परिक्षेत्र ने जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

**जनकपुर।** विश्व बाघ सप्ताह के समापन अवसर पर पार्क परिक्षेत्र जनकपुर द्वारा ग्राम अक्तवार स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में भव्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पार्क परिक्षेत्राधिकारी शैलेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पार्क परिक्षेत्र जनकपुर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए ₹वन्यजीवों के अस्तित्व एवं हमारे जीवन में पर्यावरण का महत्व₹ विषय पर निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को वन्यजीवों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी उपस्थित लोगों को मानव एवं वन्यजीवों के सह-अस्तित्व, जैव विविधता संरक्षण और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। समापन समारोह में निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। विश्व बाघ सप्ताह के अवसर पर आयोजित इस जनजागरूकता कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों में वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

**TOP IN SURGUJA**
**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

सरगुजा मार्केट

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप




### पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज के आईक्यूएसी एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा क्लासरूम टीचिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटीग्रेशन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग तथा छत्तीसगढ़ सूचना प्रौद्योगिकी सोसायटी के सहयोग से किया जा रहा है। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. रीनू जैन ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन ला रहा है। यह शिक्षण, अधिगम एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सरल एवं परिणामोन्मुख बना रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न आयामों का अध्ययन कर आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग करते हुए क्लासरूम टीचिंग को अधिक नवाचारपूर्ण, गुणवत्तापूर्ण एवं विद्यार्थी-केंद्रित बना सकेंगे। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डॉ. रेशम लाल प्रधान, मुख्य अतिथि डॉ. एचएस होता ने भी संबोधित किया। प्राचार्य एवं कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रितेश वर्मा ने वर्चुअल लैब की विस्तृत जानकारी दी। समापन अवसर पर महाविद्यालय के उपाध्यक्ष राहुल जैन ने आभार प्रदर्शन किया।

### गो सम्मान अभियान के द्वितीय चरण में सरकार को सौंपे गए 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र



**सूरजपुर।** गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज जनपद सहित देशभर के सभी जिलों में संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञातव्य है कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गौ सेवकों एवं गौ भक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गौ हत्या-निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना, केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जन जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। सूरजपुर की ओर से भी लगभग 1,83,578 नागरिकों के हस्ताक्षर 7215 पन्नो का संग्रहित डाटा पेन ड्राइव सहित प्रार्थना-पत्र संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिले के संत-महात्मा, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवा, किसान, व्यापारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।

### अमड़ीपारा में 323 स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण पूर्ण, जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा




**राजपुर।** विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमड़ीपारा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत में कुल 400 स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से अब तक 323 ट्रेंच का निर्माण पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य से वर्षा जल का संरक्षण होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा तथा जल संवर्धन एवं मोर गांव मोर पानी महाअभियान के उद्देश्यों को गति मिलेगी। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने श्रमिकों एवं संबंधित कर्मचारियों को योजना के उद्देश्य, कार्य के सफल क्रियान्वयन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने निर्धारित समय-सीमा में शेष कार्य भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा संजय यादव, कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत के सरपंच, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

### अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही तथा समय पर दवा वितरण नहीं होने से हुई एक्पायर

# लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कालातीत हुए गर्भवती महिलाओं और बच्चों का दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ की लापरवाही का खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में मिलने निःशुल्क मिलने वाली दवा समय पर गर्भवती माताओं व बच्चो को वितरण नहीं होने से बड़ी मात्रा में दवा एक्सपायरी हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि दवा की पेटियों को अस्पताल के बजाए मरच्यूरी कक्ष के खुले बरामदे में रखा गया था। जबकि कुछ दवा के शीशी से मैन्युफैक्चरिंग डेट में मिल गया है जिससे परिजन दवा लेने में परहेज करना ही मुनासिब समझ रहे है।

**खास बातें**

- मरच्यूी कक्ष के खुले बरामदा में रखे थे दवा पेटियां
- कई दवा के शिशि से मिट गए मैन्युफैक्चरिंग डेट

लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु आने वाले गर्भवती,शिशुवती माता और बच्चों को मिलने वाली निशुल्क दवा बड़ी मात्रा में एक्सपायरी हो गई है। अस्पताल प्रबंधन के लापरवाही के कारण क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं शिशुवती माताओं और बच्चों को सही समय पर विटामिन ए, आयरन सहित अन्य दवा वितरण नहीं होने से बड़ी मात्रा में दवा एक्सपायरी हो गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा खुले में दवा को रखा गया था। दवा वितरण प्रभारी अमित सिसोदिया द्वारा एक्सपायरी दवा को स्टोर रूम में रख दिया गया। ऐसे में सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे है। अस्पताल परिसर में स्थित मर्चुरी के बरामदे के पास खुले स्थान पर बड़ी की संख्या में 2022 के आयरन सिरप की 6 माह से एस्पायर विटामिन ए सहित अन्य दवा की पेटियां खुले में रखी हुई हैं। आयरन सिरप मुख्य रूप से महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं तथा विटामिन ए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को स्वास्थ्य लाभ के लिए वितरित किया जाता है। लेकिन अस्पताल परिसर में खुले स्थान पर रखी गई इन दवाओं की स्थिति को लेकर लोगों में चिंता व्याप्त है।






एक्सपायरी दवा।

**मिट गया है मैन्युफैक्चरिंग एक्सपायरी और बैच नंबर**

दवा वितरण प्रभारी अमित सिसोदिया ने बताया कि सहायक खंड चिकित्सा अधिकारी बी नागवंशी को दवा वितरण हेतु दिया गया था। छत टपकने की वजह से खुले में रखे दवा का मैन्युफैक्चरिंग एक्सपायरी और बैच नंबर मिट गया होगा। मामला संज्ञान में आने के बाद दवा वितरण प्रभारी के द्वारा एक्सपायरी दावों को पुनः स्टोर रूम में रख दिया गया। इधर लोगों का कहना है कि यदि दवाएं वैध हैं तो उन्हें सुरक्षित और निर्धारित मानकों के अनुरूप भंडारित क्यों नहीं किया गया और यदि वे वितरण के लिए रखी गई हैं तो उनकी गुणवत्ता तथा उपयोग अवधि को लेकर स्पष्ट जानकारी क्यों उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। खुले स्थान पर दवाओं का रखा जाना न केवल सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर विषय है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठता है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

**नहीं है एक्सपायरी**

इस संबंध में दवा वितरण प्रभारी अमित सिसोदिया ने बताया कि संबंधित आयरन सिरप एक्सपायर नहीं हुआ है तथा इसकी वैधता वर्ष 2027 तक है। दवा वितरण प्रभारी के अनुसार सिरप को वितरण के उद्देश्य से वहां रखा गया है। हालांकि सिरप की बोतलों पर वर्ष 2022 की निर्माण तिथि अंकित होने के कारण लोगों के मन में इसकी गुणवत्ता और उपयोग अवधि को लेकर संशय बना हुआ। यही नहीं विटामिन ए की दवा 6 माह से एस्पायर है।

**दवा रखने नहीं है जगह**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं को रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है, इसलिए वितरण के लिए सिरप की पेटियां बरामदे के पास रखी गई हैं। वहीं वर्ष 2022 में निर्मित सिरप के वितरण और उसकी एक्सपायरी अवधि के संबंध में कहा कि वह यह नहीं बता सकते कि आयरन सिरप कितने वर्षों में एक्सपायर होता है। देख कर बता सकता हूं कंपनी के हिसाब से एक्सपायरी होता हैद्ध

-डॉ. ओपी प्रसाद
बीएमओ लखनपुर

अस्पताल परिसर में मरीजों के साथ आने वाले बच्चे इन सिरप की शीशियों को उठाकर खेलते हुए भी देखे गए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएमओ डॉ. पीएस मार्को के निवास स्थल से लगभग 50 फीट की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद दवाओं का इस प्रकार खुले में रखा जाना अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है।

# वीएसके एप की तकनीक समस्या दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

छग टीचर्स एसोसिएशन ने वीएसके एप की तकनीकी खामियों के बीच वेतन कटौती के आदेश का विरोध करते हुए इसे अन्यायपूर्ण बताया है। संगठन ने पहले तकनीकी समस्याओं को दूर करने की मांग की है ताकि शिक्षको को होने वाली समस्या से निजात मिल सके। समस्या दूर किये बिना अगर वेतन कटौती की जाती है ऐसी स्थिति में संगठन उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगा। इसके साथ ही वीएसके में उपस्थिति नहीं होने पर वेतन काटने की स्थिति में प्रांतीय निर्देशानुसार वेतन काटने वाले डीडीओ का आगामी सात अगस्त को घेराव किया जाएगा।



- कहा- बिना समस्या दूर किये वेतन कटौती अप्रासंगिक

इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिश्र ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क और सर्वर की बड़ी समस्या है। सीतापुर के कई विद्यालयों में आज भी मोबाइल नेटवर्क, जीपीएस, लोकेशन और सर्वर संबंधी समस्याएं बनी हुई हैं। कई क्षेत्रों में बारिश के दौरान सड़कें प्रभावित होने के कारण समय पर विद्यालय पहुंचना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे में समय पर स्कूल पहुंचने वाले कई शिक्षकों की उपस्थिति भी वीएसके एप में दर्ज नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित रूप से शिक्षक उपस्थिति पंजी संधारित किया जाता है और शिक्षक उसमें हस्ताक्षर भी करते हैं। इसलिए केवल तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण एप को आधार बनाकर कार्रवाई करना उचित नहीं है। संगठन ने मांग की है कि किसी भी निर्णय से पहले ऑफलाइन उपस्थिति पंजी का भौतिक सत्यापन किया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि स्कूलों में बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू होनी चाहिए। एसोसिएशन ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं लेकिन तकनीकी समस्याओं वाले एप के आधार पर आर्थिक दंड देना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने शासन से पहले वीएसके एप की सभी तकनीकी कमियों को दूर करने और पूरे प्रदेश में एक समान एवं विश्वसनीय बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण,पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में बारिश के दिनों में कई-कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इससे मोबाइल फोन चार्ज करना भी संभव नहीं हो पाता है। ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिश्र सहित संगठन के पदाधिकारियों ने शासन से मांग की है कि वीएसके एप की तकनीकी त्रुटियों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

### कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ के सूरजपुर जिलाध्यक्ष बने सुनील सारथी



**बिश्रामपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सहमति व जिलाध्यक्ष शशि सिंह के अनुशंसा पर कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल ने ग्राम पंचायत केशवनगर निवासी सुनील कुमार सारथी को अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का सुरजपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

# अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में पदारोहण कार्यक्रम छात्र नेताओं ने ली नेतृत्व एवं उत्तरदायित्व की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करने के उद्देश्य से पदारोहण का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा 1 से 12वीं तक के लिए चयनित कक्षा नायक, उप कक्षा नायक, स्कूल कैप्टन, विभिन्न हाउस कैप्टन, लाजपत हाउस, गांधी हाउस एवं अशोक हाउस, स्पोर्ट्स कैप्टन, कल्चरल कैप्टन, साइंस कैप्टन तथा लिटरेरी कैप्टन सहित अन्य छात्र प्रतिनिधियों को औपचारिक रूप से उनके पद एवं दायित्व सौंपे गए।

मुख्य अतिथि ने चयनित छात्र-छात्राओं को बैज एवं पद-पट्टिका पहनाकर तथा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल कैप्टन कक्षा 11वीं से अंशराज पन्ना एवं गर्ल्स स्कूल कैप्टन श्रेया सिंह चयनित हुई। चयनित सभी ने पदरोहण समारोह में भाग लेकर अपने कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व की शपथ ली। सभी छात्र प्रतिनिधियों ने मार्च-पास्ट की प्रस्तुति दी तथा मुख्य अतिथि को सलामी देकर अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि प्रो. रजनीश सिंह ने कहा कि विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को नेतृत्व के अवसर प्रदान करना उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने ईमानदारी, अनुशासन, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया तथा उन्हें पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। समारोह में संस्थान के संचालक एवं प्राचार्य डॉ. राकेश मोहन मिश्र ने भी उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन का वाचन किया।

# एसआईपी अबेकस राज्य स्तरीय प्रोडिजी प्रतियोगिता में तनय, आरना एवं सानिध्य बने चैंपियन

**अम्बिकापुर।** रायपुर में आयोजित एसआईपी अबेकस राज्य स्तरीय प्रोडिजी प्रतियोगिता में एसआईपी अबेकस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में अंबिकापुर केंद्र से कुल 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



यह प्रतियोगिता अंकगणित एवं मानसिक गणना कौशल पर आधारित थी, जिसमें प्रतिभागियों को निर्धारित समय में अधिकतम गणितीय प्रश्नों का तेज एवं शुद्ध समाधान करना होता है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की गणना क्षमता, एकाग्रता, स्मरण शक्ति, मानसिक गति एवं आत्मविश्वास का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में तनय जैन, आरना छाजेड़, एवं सानिध्य गुप्ता ने अपनी-अपनी श्रेणी में राज्य चैंपियन बने। प्रथम उपविजेता नायशा साहू, मेधांश माझी, प्रियांश पुरी, स्वप्निल सामंतराय एवं ईवा जेनीफर मिंज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय उपविजेता में अक्षिता गुप्ता, जॉनसन पॉल मिंज, युग सराफ, अनन्य रमन जायसवाल एवं तृतीय उपविजेता में अनिश्का मसोडकर, आदित्य श्रीवास्तव, यालिनी टोप्पो एवं आद्रिका सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त किया। एसआईपी अबेकस के संस्था प्रमुख नवनीत विश्वकर्मा ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विधायक ने बाबा महाकाल के चरणों में माथा टेककर बच्चों के साथ मनाई जन्मदिन

**प्रतापपुर।** विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने इस वर्ष अपना जन्मदिन आध्यात्मिक वातावरण में महाकाल की नगरी उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर के चरणों में माथा टेककर मनाया। उन्होंने बाबा महाकाल से विधानसभा एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और खुशहाली की कामना की। साथ ही अपने विधानसभा में पहुंचकर स्कूली बच्चों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन मनाई। विधायक के जन्मदिन को लेकर पूरे दिन उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। सुबह से देर शाम तक उनके निवास सहित विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, समर्थकों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के लोगों ने विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के जनसेवा, सरल स्वभाव और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और ग्रामीण विकास जैसे मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें क्षेत्र की लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया है।



# शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं,बिगड़ती कानून-व्यवस्था तथा नशे के बढ़ते अवैध कारोबार को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण,आम नागरिकों की सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए तत्काल कठोर एवं व्यापक कार्यवाही की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि पिछले कुछ दिनों से जिले में चोरी, लूट, मारपीट, चाकूबाजी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशे के अवैध कारोबार सहित विभिन्न आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसी घटनाओं के कारण लोगों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बन गया है और लोग स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। हाल ही में शहर के नेहरू पार्क क्षेत्र में हुई गंभीर आपराधिक घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। सार्वजनिक स्थान पर हुई इस प्रकार की घटना से यह स्पष्ट होता है कि अपराधियों के मन से कानून का भय कम होता जा रहा है यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में अपराध की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। इसके अलावा ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिले के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। युवाओं के बीच नशीले पदार्थों की उपलब्धता और उनके अवैध कारोबार में बढ़ोतरी ने समाज की चिंता बढ़ा दी है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए चोरी, लूट, चाकूबाजी एवं अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने,संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग करने तथा पार्कों,बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकतानुसार सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस दौरान प्रेमसाय सिंह, पारस नाथ राजवाड़े, भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, रामकृष्ण ओझा, अश्विनी सिंह, मनोज डालमिया, जफर हैदर, कुसुमलता राजवाड़े, वीरेन्द्र बंसल, विष्णु कसेरा, आकाश साहू, भावना सिंह नेताम, शिवम साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# व्यापारी संघ, सर्राफा व्यापारी संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर दी नगर बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक अरुण सोनी के साथ हुई एक करोड़ के गहनों की उठाईगिरी का मामला गरमा गया है। चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से निराश एवं चिंतित नगर का व्यापारी संघ, सर्राफा व्यापारी संघ ने थाना प्रभारी, एसडीओपी एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ ने गुरुवार तक अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। आरोपियों के पकड़ में नहीं आने पर व्यापारी एवं सर्राफा व्यापारी संघ ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से नगर बंद एवं चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

- एसडीओपी और थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से सौंपा ज्ञापन



बता दें कि नगर के एनएच 43 किनारे संचालित काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक अरुण सोनी 26 जुलाई को एक करोड़ रूपए के जेवरों की उठाईगिरी के शिकार हो गए। घटना के दौरान सुबह 11.30 बजे गहनों से भरा बैग स्कूटी पर टांगकर दुकान का शटर खोल रहे थे। उठाईगिरी की इस घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है और इस वारदात के पीछे अंतर्राज्यीय गिरोह के शामिल होने की बात कही जा रही है एसएसपी राजेश अग्रवाल खुद इस मामले की जांच अपनी निगरानी में करा रहे है लेकिन अब तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इस घटना के बाद जानमाल की सुरक्षा को लेकर व्यापारियों में आक्रोश के साथ माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई। पुलिस के हाथ अहम सुराग लगने एवं घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नही होने से व्यापारीयो का धैर्य जवाब दे दिया। व्यापारियों ने इस पर चिंता जताते हुए नगर के सभी व्यापारियों की एक बैठक बुलाई और बैठक के बाद व्यापारी संघ थाने जा पहुंचा जहां उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप गुरुवार तक अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग की है। गुरुवार तक अपराधी नही पकड़े गए तो व्यापारी संघ एवं सर्राफा व्यापारी संघ मजबूर होकर नगर बंद एवं चक्काजाम कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में उन्होंने एसडीओपी एवं एसडीएम को भी ज्ञापन सौंप अपनी भावनाओं से अवगत करा दिया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष व्यापारी संघ राधेश्याम टीटू अग्रवाल, अध्यक्ष अग्रवाल समाज कृष्ण कुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, पीतांबर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, सर्राफा व्यापारी संघ से बद्री सोनी, धरमदेव सोनी, संजीत सोनी, राजू सोनी, पीड़ति अरुण सोनी, धर्मदेव सोनी, मनोज गुप्ता, चिंटू सोनी, इंदु सोनी, नीरज सोनी, ईशान सोनी समेत काफी संख्या में व्यापारी एवं सर्राफा व्यापारी संघ के सदस्य उपस्थित थे।

**पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन**

काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के संचालक के साथ हुई एक करोड़ के गहनों की उठाईगिरी के मामले में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ईश्वर सोनी ने भी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में नगर समेत क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर चिंता जताते हुए उठाईगिरी की घटना में शामिल आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई।इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने फोन से आईजी पुलिस से संपर्क साधा और उठाईगिरी मामले में अब तक हुई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। पूर्व मंत्री ने आईजी को जनता की भावनाओं से अवगत कराते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। वही थाना प्रभारी से चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री ने नगर में बढ़ते आपराधिक गतिविधियों पर भी चिंता जाहिर करते हुए थाना प्रभारी को इस पर नकेल कसने की बात कहीताकि नगर समेत क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा, गणेश सोनी, अशोक अग्रवाल, बदरुद्दीन इराकी, संदीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, संतोष गुप्ता, विजय गुप्ता समेत पीड़ति परिवार मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने किया बैंक व ज्वेलर्स दुकानों का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

**सेदम।** बतौली क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे आपराधिक गतिविधि में रोक लगाने के उद्देश्य से बतौली पुलिस ने बैंक सहित ज्वेलर्स दुकान का निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा बतौली के भारतीय स्टेट बैंक, एच डी एफ सी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, ज्वेलर्स दुकान,का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वित्तीय संस्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की सघन जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही वित्तीय संस्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए है। वित्तीय संस्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों की संदेह पर तुरंत जानकारी देने की बात कही। पुलिस ने बैंकों में उपस्थित खाता धारकों को धोखाधड़ी, जालसाजी एवं ठगी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

### आरएसएस ने गुरु पूर्णिमा में किया ध्वजपूजन




**अम्बिकापुर।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर संघ परिवार ने ध्वज पूजन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के विभाग सह कार्यवाह अजय मिश्रा थे। संघ के द्वारा गुरु पूर्णिमा का आयोजन स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में किया गया। ध्वज पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अजय मिश्रा ने कहा कि हिन्दू सनातन की पहचान भगवा ध्वज ही संघ का गुरू है। संघ परिवार भगवा ध्वज के ही सामने सर झुकाता है। संघ के किसी भी आयोजन में बुलाने की परपंरा नहीं है। जिसे आना होता है वह स्वयं ही आता है। श्री मिश्रा ने गुरू पूर्णिमा के महत्व को लेकर प्रेरक बातें बताई। उन्होंने गुरू पूर्णिमा के मौके पर गुरू के महत्व को समझाया। ध्वजपूजन के बाद परंपरा अनुसार सर्मपण किया गया। गुरू पूर्णिमा के इस मौके पर विभाग संचालक अभय पालोलकर भी मंच पर उपस्थित थे इसके अलावा संघ परिवार एवं भाजपा के कई वरिष्ठ नेता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गुरू पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में हुआ यज्ञ एवं कीर्तन



**दरिमा।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में एक कुंडली यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में दरिमा कोटिया, छिंदकालो, खजूरी तथा आसपास के गांवों बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तथा यज्ञ व कीर्तन-भजन में भागीदारी की। इस दौरान गुरू महिमा का पाठ किया गया। यज्ञ एवं कीर्तन पश्चात गायत्री परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर महाप्रसाद वितरित किया गया जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गायत्री परिवार के श्रीराम सिद्धार्थ, बसंती सिद्धार्थ, आशा दास मानिकपुरी, नंद जी संजय के अलावा काफी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### बाजार गए युवक की बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी कन्हैया लाल एक्का आ. जगसाय एक्का (31 वर्ष) 22 जुलाई को बाइक क्रमांक सीजी 12 एटी 2846 से साप्ताहिक बाजार प्रेमनगर गया था। युवक बाइक को नगर पंचायत कार्यालय के सामने खड़ा कर बाजार में खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक नहीं मिला को घटना की रिपोर्ट प्रेमनगर थाने में दर्ज कराई।

## परिजन सहित लोगों ने किया निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

# युवक का अपहरण कर हत्या करने के मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार, गए जेल





पकड़े गए आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

थाना क्षेत्र के बहुचर्चित भाजपा युवा नेता हरिनंदन राजवाड़े हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है। एक दिन पहले इस मामले में आरोपियों को तत्काल जमानत मिलने की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थीं। मृतक के परिजन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी।

**खास बात**
- ग्राम गोंदा से युवक का किया गया था अपहरण

गौरतलब है कि ग्राम गोंदा निवासी हरिनंदन राजवाड़े को कुछ दिन पूर्व ही नकाबपोश लोगों द्वारा घर से जबरन उठाकर केवरा अटल चौक लेकर गए जहां हरिनंदन के साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ग्राम केवरा निवासी भुनेश्वर प्रसाद राजवाड़े आ.बोधन राम (30 वर्ष), सकल प्रसाद राजवाड़े आ.स्व. सुरेश राजवाड़े (29 वर्ष), आशुतोष राजवाड़े आ. जनेंद्रधारी (33 वर्ष), सुनील राजवाड़े आ. इन्द्र कुमार (22 वर्ष), रज्य गुप्ता आ. रमेश गुप्ता (38 वर्ष), शिवम कुमार राजवाड़े आ. सम्मत राम (28 वर्ष), मनोज कुमार राजवाड़े आ. हिराधन (25 वर्ष), शिव कुमार राजवाड़े आ. बक्शा राम (28 वर्ष), ललित कुमार राजवाड़े आ.चन्द्र राम (29 वर्ष), राजू राजवाड़े आ. बबलू राम (23 वर्ष) के विरूद्ध 296, 351(2), 115(2), 109(1), 140(1), 331(6), 190, 191(2), 191(3) तथा धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एक दिन पूर्व ही आरोपियों को जमानत मिलने की खबर सामने आने पर लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया था। मृतक के परिजन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। इसी बीच पुलिस प्रशासन ने आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को रात 11 बजे गांव में फिर से छापामार कर पुनः गिरफ्तार किया। इसके बाद कुछ धारा लगाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**10 आरोपियों को भेजा गया है जेल**

मामला हत्या और किडनैपिंग जैसे संगीन अपराध का है। जिसके वजह से माहौल निरंतर खराब हो रहा है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम को देखते हुए 10 आरोपियों की धर पकड़ कर जेल भेजा गया है। मामले में जांच चल रही है। उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जमानत होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से पुलिस एक्टिव है।

-अनूप एक्का, एसडीओपी प्रतापपुर

### अग्रवाल सभा द्वारा प्राथमिक कन्या स्कूल शिवनंदनपुर की छात्राओं को वितरण किया गया छाता

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सभा बिश्रामपुर इकाई द्वारा बुधवार को शासकीय कन्या प्राथमिक शाला शिवनंदनपुर की छात्राओं को बारिश से बचाव हेतु छाता वितरण किया गया। इस दौरान अग्रवाल सभा बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष सतपाल तायल, चैंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल, कांग्रेस नेता रमेश दनोदिया, अधिवक्ता प्रदीप गर्ग, जतिन तायल, विजय गोयल, सुनील जैन, राकेश अग्रवाल, रिंकू गोयल, सनी अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंशुल गोयल सहित संकुल समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय,शिक्षिका मनीषा लकड़ा, संजू व अन्य



### भारी बारिश से बही पुटकुरा की सीसी सड़क, ग्रामीण परेशान

**लखनपुर।** विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पटकुरा में लगातार हो रही बारिश के कारण मुख्य मार्ग से कोदवारी पारा की सीसी सड़क तेज पानी के बहाव में कटकर बह गयी है। सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क कट जाने से लोग खतरे के बीच आवागम कर रहे हैं। विशेषकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत द्वारा अब तक किसी वैकल्पिक मार्ग या आवागमन की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्राम पंचायत पटकुरा के सचिव-धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अभी गांव में मजदूर नहीं मिल रहे हैं जिस वजह से सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है। जनपद पंचायत के सीईओ प्रकाश सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़क की जांच कराई जाएगी तथा ग्रामीणों की सुविधा के लिए जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी, ताकि आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके।





### पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री मामले में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

थाना रामचंद्रपुर पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार कर तहसील में प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 318(3), 338, 336(3), 340(2) एवं 61(2) के तहत कार्रवाई की है।

- न्यायालय में किया पेश

पुलिस के अनुसार ग्राम रेवतीपुर निवासी 80 वर्षीय अलाउद्दीन अंसारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2013 में उन्होंने अपनी एक भूमि संत कुमार ठाकुर को विक्रय की थी। वर्ष 2018-19 में ऑनलाइन भू-अभिलेख संधारण के दौरान त्रुटिवश उनकी दूसरी भूमि, खसरा नंबर 149/2 भी संत कुमार ठाकुर के नाम दर्ज हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने तहसील कार्यालय में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी दौरान संबंधित भूमि के आधार पर बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण भी ले लिया गया, जिसके कारण नामांतरण संबंधी त्रुटि का सुधार नहीं हो सका। तहसील द्वारा रजिस्ट्री की प्रति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जाने पर आरोपी संत कुमार ठाकुर ने अपने सहयोगियों हामिद जुलाहा एवं लल्लू नागवंशी के साथ मिलकर कथित रूप से फर्जी रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार किए और तहसील रामचंद्रपुर में प्रस्तुत कर दिया। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर तहसील में चल रहा प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया। बाद में शिकायतकर्ता द्वारा मामले की शिकायत किए जाने पर एसडीओपी स्तर पर जांच कराई गई। जांच में दस्तावेजों के फर्जी पाए जाने के बाद थाना रामचंद्रपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम रेवतपुर निवासी संत कुमार ठाकुर (42 वर्ष), हामिद जुलाहा (42 वर्ष) तथा महावीरगंज निवासी लल्लू नागवंशी (55 वर्ष),को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने बताया कि मामले की अग्रिम विवेचना जारी है।

**दो वर्षों की रजिस्ट्रियों की जांच हुई तो खुल सकते हैं कई बड़े राज**

रामचंद्रपुर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद रामानुजगंज एवं आसपास के क्षेत्रों में भूमि रजिस्ट्री व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि पिछले दो वर्षों के दौरान हुई कई भूमि रजिस्ट्रियों में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। लोगों का कहना है कि यदि इस अवधि की सभी रजिस्ट्रियों की निष्पक्ष और व्यापक जांच कराई जाए तो कई बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हो सकता है।

## हेल्थ प्लस

### बारिश में मौसमी बीमारियों से खतरा, सेहत का ध्यान देना जरूरी



**अम्बिकापुर।** बरसात के इस मौसम में जहां बारिश गर्मी से राहत देता है, वहीं यह अपने साथ कई मौसमी बीमारियों का खतरा भी लेकर आता है। इस दौरान नमी बढ़ने से बैक्टीरिया, वायरस और फंगस तेजी से पनपते हैं, जिससे वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, फूड पॉइजनिंग और पेट संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में केवल बारिश के मौसम में सेहत का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।बृज होम्योपैथिक क्लीनिक के चिकित्सक डॉ. द्विवेदी ने बताया छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर मानसून में होने वाली कई बीमारियों से खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं। बारिश के मौसम में पानी दूषित होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी का उपयोग करना चाहिए, बाहर का खुला पानी पीने से पेट के संक्रमण, टाइफाइड और डायरिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसके अलावा बासी, खुला और स्ट्रीट फूड खाने से बचना चाहिए अपने आहार में विटामिन सी से भरपूर फल, हरी सब्जियां, हल्दी, अदरक, लहसुन और दही जैसी चीजें शामिल करना चाहिए जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करती हैं। साथ ही बारिश के मौसम में हाथों की सफाई, मच्छरों से बचाव, भीगने के बाद तुरंत कपड़ा बदलना चाहिए। साथ ही हल्की एक्सरसाइज, योग और प्राणायाम शरीर को सक्रिय रखते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। रोजाना लगभग 7–8 घंटे की अच्छी नींद लेने से शरीर तेजी से रिकवर होता है और संक्रमण से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

# नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर 5 किशोरों पर कार्रवाई, परिजनों को दी गई सख्त हिदायत



**बिश्रामपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से लटोरी पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए पांच नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल चालानी कार्रवाई की, बल्कि उनके परिजनों को बुलाकर भविष्य में नाबालिगों को वाहन नहीं देने की सख्त हिदायत भी दी। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान के तहत विद्यालयों के सामने तथा बनारस हाइवे मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पांच नाबालिग किशोर दुपहिया वाहन चलाते हुए पाए गए। पुलिस ने उन्हें रोककर वाहन जब्त कर उनके अभिभावकों को मौके पर बुलाया। लटोरी चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि परिजनों को बुलाकर समझाया गया कि नाबालिगों के हाथों में वाहन देना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह उनकी और अन्य लोगों की जान के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। यदि भविष्य में दोबारा ऐसा मामला सामने आता है तो और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सभी मामलों में मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए समन्स शुल्क जमा कराया गया।

### नाबालिग दो पहिया वाहन चालकों पर अंकुश लगाने पुलिस ने चलाया अभियान, जब्त की बाइक

**सेदम।** नाबालिगों द्वारा दो पहिया वाहन फर्राटे से दौड़ाने तथा हर समय दुर्घटना की संभावना होने पर आज पुलिस ने नाबालिग बाइक, स्कूटी चालक पर अंकुश लगाने विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने अभियान के दौरान बाइक से स्कूल जा रहे नाबालिग चालकों को पकड़ा और एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नाबालिग चालकों में हड़कंप मचा रहा। बतौली पुलिस द्वारा यातायात नियमों के मद्देनजर तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने वाले पर



अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने आज बाइक व स्कूटी चलाने वाले नाबालिग छात्र छात्राओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 19 वाहन को जब्त कर पिकअप से थाने ले गया जहां पांच वाहनों के विरूद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की। थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने लोगों से कहा कि स्कूली बच्चों को वाहनों से स्कूल न भेजें, नाबालिकों के वाहन चलाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन भी हो रहा है। अगर कोई भी छात्र छात्राओं द्वारा वाहन चलाते पाए जाते है तो उनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही क्षेत्रवासियों को नशे में वाहन नहीं चलाने, तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने मना किया है। वाहन चलाते समय लापरवाही बरतने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने की बात कही।

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** बचपन प्ले स्कूल में 28 जुलाई 2026 को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर,बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के महत्व को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना विकसित करना था। विद्यालय की काउंसलर सोनाली दास ने बच्चों को बताया कि स्वच्छ पर्यावरण, हरियाली और जैव विविधता हमारे स्वस्थ भविष्य की नींव हैं। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक का कम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# सड़क दुर्घटना में 9वीं कक्षा का छात्र गंभीर, कॉलरीकर्मी भी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

स्कूली बच्चों को बिना लाइसेंस दोपहिया वाहन देना लगातार सड़क हादसों का कारण बन रहा है। बुधवार को बिश्रामपुर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में आत्मानंद विद्यालय के कक्षा 9वीं कक्षा के छात्र हरिकिशन राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

- नाबालिग छात्र चला रहे दोपहिया वाहन, हादसों की बन रही बड़ी वजह
- दोनों बाइक हुई क्षतिग्रस्त



जानकारी के अनुसार, जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरेया निवासी हरिकिशन राजवाड़े पिता बोधन राजवाड़े बुधवार शाम करीब 4:15 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद बाइक से अपने घर को लौट रहा था,हर्राटिकरा गांव के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक जो गायत्री खदान से ड्यूटी कर लौट रहे कॉलरी कर्मी रामविशाल पिता शर्मारराम, निवासी काँसापारा, चला रहे थे। हादसे में दोनों घायल हो गए, जबकि दोनों मोटरसाइकिलें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह घटना एक बार फिर नाबालिगों को दोपहिया वाहन सौंपने की गंभीर समस्या को उजागर करती है। पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान और कार्रवाई के बावजूद कई अभिभावक मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी कर बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति दे रहे हैं।

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन न सौंपें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

तेज डायग्नोस्टिक
ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस (A unit of MRM Pvt. Ltd.)
MRI & CT Scan सुविधा उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीनों के साथ सटीक, तेज़ और भरोसेमंद जाँच
24/7 डायग्नोस्टिक सेवाएँ
क्योंकि सही समय पर जाँच सही इलाज की पहली ज़रूरत है
अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट की देखरेख में हर रिपोर्ट – पूरी सावधानी और मेडिकल एक्सपर्टीज़ के साथ
Tej Diagnostic
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध
8224007799
7000619700
UNIT-1 बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
UNIT-2 रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411